CS (Main) Exam,2021

वियोज्य **DETACHABLE**

# प्रबन्धन (प्रश्न-पत्र I)

# MANAGEMENT (Paper I)

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : तीन घण्टे* <br> *Time Allowed : Three Hours* | *अधिकतम अंक : 250* <br> *Maximum Marks : 250* |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दें ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए ।

अपने उत्तरों के समर्थन में, यदि आवश्यक समझें, उपयुक्त आँकड़ा देकर इसका स्पष्ट रूप से उल्लेख करें ।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दें ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to

Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1.(a) 'आत्मनिर्भरता' के सिद्धांत पर आधारित 'नवराष्ट्रवाद' को अपनाने वाले देशों की तेजी से बढ़ती संख्या से 'भूमंडलीकरण' 'दोराहे' पर खड़ा प्रतीत होता है। भूमंडलीकरण की संकल्पना को संक्षेप में समझाते हुए भारतीय प्रतिष्ठानों पर 'नवराष्ट्रवाद' के बढ़ते प्रभाव का आलोचनात्मक ढंग से मूल्यांकन कीजिए तथा प्रभावी प्रबंधन के लिए रणनीतिक उपायों का सुझाव दीजिए।

'Globalization' seems to be at 'cross-roads' as increasingly large number of countries embrace 'neo-nationalism' based on the doctrine of 'self-reliance'. Briefly explaining the concept of globalization, critically evaluate the impact of growing 'neo-nationalism' on Indian firms and suggest strategic measures for effective management. 10

1.(b) व्यक्तित्व क्या है ? व्यक्तित्व के पांच बड़े लक्षण, कार्य व्यवहार का किस प्रकार से पूर्वानुमान लगाते हैं ?

What is personality ? How do the big five personality traits predict work behaviour ? 10

1.(c) रणनीतिक मानव संसाधन प्रबंधन क्या है ? समझाइये कि मानव संसाधन (एच.आर) के आचरण, कंपनी की रणनीतियों के साथ कैसे संरेखित होते हैं।

What is strategic human resource management ? Explain how HR practices get aligned with corporate strategies. 10

1.(d) संगठन अपनी संरचना और प्रारूप में क्यों भिन्न होते हैं ? यान्त्रिक संरचना और कार्बनिक संरचना में क्या अंतर है ?

Why do organizations differ in their structure and design ? What is the difference between a mechanistic structure and an organic structure ? 10

1.(e) निष्पादन आधारित चर वेतन योजनायें क्या हैं ? इन योजनाओं की सफलता के लिए कौन-कौन से मानदंड हैं ?

What are the variable pay-for-performance plans ? What are the criteria for the success of these plans ? 10

2.(a) सामूहिक निर्णय लेने की तकनीकों के रूप में :

(i) बातचीत

(ii) विचारावेश

(iii) सांकेतिक

(iv) इलेक्ट्रोनिक बैठक, की प्रक्रिया और प्रभावशीलता की तुलना कीजिए।

Compare the process and effectiveness of :

(i) Interacting

(ii) Brainstorming

(iii) Nominal

(iv) Electronic meeting, as group decision making techniques. 20



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

2. (b) नौ सर्वाधिक मान्य सत्ता की युक्तियों की गणना कीजिए। उनकी सापेक्ष प्रभावशीलता की विवेचना कीजिए।

Enumerate the nine most identified power tactics. Discuss their relative effectiveness. 15

2. (c) श्रमशक्ति की आवश्यकताओं के पूर्वानुमान के प्रमुख विचारों का वर्णन कीजिए। पुर्वानुमानित श्रमशक्ति की आपूर्ति के कौन-कौन से स्रोत हैं ?

Describe the major considerations in forecasting manpower requirements. What are the supply sources of the forecasted manpower ? 15

3. (a) उद्योग-धंधों के उदाहरणों के साथ नैगमिक सामाजिक दायित्त्व (सी एस आर) की अवधारणा को संक्षेप में समझाइये। सी एस आर गतिविधियों को मापने के लिए बहुपक्षीय अभिकरणों द्वारा विकसित प्रमुख पहलों का आलोचनात्मक ढंग से मूल्यांकन कीजिए।

Briefly explain the concept of Corporate Social Responsibility (CSR) with industry illustrations. Critically evaluate major initiatives developed by multilateral agencies to measure CSR activities. 20

3. (b) "यदि रुपया-पैसा आपको खुशी नहीं देता है तो आप उसको उचित ढंग से खर्च नहीं कर रहे हैं।" रुपया-पैसा अभिप्रेरणा का एक साधन है, इस संदर्भ के साथ इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

"If money does not make you happy, you are not spending it right." Give your views on the statement in context of money being a tool for motivation. 15

3. (c) देशीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मानव संसाधन प्रबंध (आई एच आर एम) में अंतर करने वाली विशेषताओं को संक्षेप में समझाइये। मेजबान देश के नागरिकों (एच सी एन्स) मूल देश के नागरिकों (पी सी एन्स) और किसी तीसरे देश के नागरिकों (टी सी एन्स) को रोजगार देने से होने वाले भले और बुरे परिणामों का आलोचनात्मक ढंग से मूल्यांकन कीजिए।

Briefly explain the distinguishing features between domestic and International Human Resource Management (IHRM). Critically evaluate pros and cons of employing Host Country Nationals (HCNs), Parent Country Nationals (PCNs) and Third Country Nationals (TCNs). 15

4. (a) रचनात्मक सोच के मार्ग में आने वाले विभिन्न प्रकार के वैचारिक अवरोधों को सूचीबद्ध कीजिए। नवाचार की प्रक्रिया क्या है जिसका प्रतिष्ठानों को पालन करना चाहिये ?

List the various types of conceptual blocks that come in the way of thinking creatively. What is the process of innovation that firms should follow ? 15

4. (b) संस्कृति की अवधारणा को समझाइये। सांस्कृतिक विविधता वाली परिस्थितियों में प्रबन्ध करने पर हॉफस्टेडे की क्रास सांस्कृतिक वर्गीकरणों एवं उसके निहितार्थों का मूल्यांकन कीजिए।

Explain the concept of culture. Evaluate Hofstede's cross-cultural classifications and its implications in managing under culturally diverse situations. 20

4. (c) औद्योगिक संबंधों पर डनलप के प्रणाली दृष्टिकोण मॉडल को समझाइये। बोमर्स ने किस प्रकार इस मॉडल का अंतर्राष्ट्रीय औद्योगिक संबंधों के लिये विस्तार किया ?

Explain Dunlop's system approach model of industrial relations. How did Bomers extend this model for international industrial relations ? 15


https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

**5.** (a) विपणन सम्प्रेषण की बुनियादी प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए। अंतर्राष्ट्रीय विपणन सम्प्रेषण को देशीय विपणन सम्प्रेषण की तुलना में बहुत अधिक जटिल क्या बनाता है ? उपयुक्त उदाहरणों द्वारा अपने उत्तर का औचित्य साबित कीजिए।

Elucidate the basic process of marketing communication. What makes international marketing communication process much more complex compared to domestic one ? Justify your answer with suitable examples. 10

**5.** (b) मालों (इन्वेंट्रीज) की लागत निर्धारित करने के विभिन्न विधियों के लाभों और हानियों का आलोचनात्मक ढंग से मूल्यांकन कीजिए।

Critically evaluate the pros and cons of the various methods adopted to determine the cost of inventories. 10

**5.** (c) विनिमय क्या है ? विनिमय के सामान्यतः कितने प्रकार होते हैं ? ये निवेश किस प्रकार से प्रेरित किये जाते हैं ?

What is a swap ? What are the common types of swaps ? How are these investments induced ? 10

**5.** (d) "यदि विक्रय पूर्वानुमान त्रुटि के अधीन है तो बजटिंग का कोई उद्देश्य नहीं है।" क्या आप सहमत हैं ? नम्य (फ्लेक्सिविल) बजट का उपयोग लागतों को नियंत्रित करने में कैसे हो सकता है ?

"If sales forecast is subject to error, then there is no purpose of budgeting." Do you agree ? How can a flexible budget be used to control costs ? 10

**5.** (e) बाजार विभाजीकरण की संकल्पना को समझाइये। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में पोस्ट कोविड-19 के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के लिये नवविकसित हर्बल मिश्रण के बाजार को पहचानने और लक्ष्य करने के लिये एक व्यापक विपणन अनुसंधान योजना बनाइये।

Explain the concept of market segmentation. Prepare a comprehensive market research plan to identify and target markets for newly developed herbal preparations to alleviate post-COVID 19 adverse effects in international markets. 10

**6.** (a) विचरण विश्लेषण क्या है ? विभिन्न लागत विचरणों के संभावित कारण क्या-क्या हैं ?

What is Variance Analysis ? What are the possible reasons for different Cost Variances ? 15

**6.** (b) जोखिम पूंजी निवेश के वित्तीय विश्लेषण के लिये; (i) पारंपरिक; (ii) द फर्स्ट शिकागो; एवं (iii) राजस्व गुणक मूल्यांकन दृष्टिकोणों को संक्षेप में समझाइये।

Explain in brief the (i) Conventional; (ii) The First Chicago; and (iii) The Revenue Multiplier Valuation approaches for financial analysis of Venture Capital Investments. 15



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

6. (c) (i) "लागत कीमत को निर्धारित करता है, यह एक मिथक है" । क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? उपयुक्त उदाहरणों से अपने उत्तर का औचित्य साबित कीजिए ।

(ii) विभिन्न प्रकार की कीमत रणनीतियों को समझाते हुए अधिमूल्य (प्रीमियम) ग्राहक खण्ड को लक्षित करने के लिए एक नवविकसित विलासिता सौंदर्य प्रसाधन हेतु उपयुक्त कीमत रणनीति का सुझाव दीजिए ।

(i) "Cost determines price is a myth". Do you agree with the statement ? Justify your answer with suitable examples. 10

(ii) Explaining the various types of pricing strategies, suggest a suitable pricing strategy for a newly developed luxury cosmetic targeted at premium customer segment. 10

7. (a) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान, XYZ लिमिटेड ने ₹1,05,00,000/- की बिक्री पर ₹5,00,000/- का लाभ कमाया । परिवर्तनशील खर्चे ₹55,00,000/- थे । निम्नलिखित की गणना कीजिए :

(i) कंपनी के स्थायी खर्चे ।

(ii) चालू वित्तीय वर्ष के लिये सम-विच्छेद विक्रय ।

(iii) सम-विच्छेद विक्रय यदि परिवर्तनशील लागतों में 20% की वृद्धि हो ।

(iv) लाभ को वर्तमान स्तर पर बनाए रखने के लिये सम-विच्छेद विक्रय, यदि विक्रय मूल्य 10% कम किया जाना है ।

During the current financial year, XYZ Ltd. generated a profit of ₹5,00,000/- on a sale of ₹1,05,00,000/-. The variable expenses were ₹55,00,000/-. Compute the following :

(i) Fixed expenses of the company.

(ii) Break-even sales for the current financial year.

(iii) Break-even sales if variable costs increase by 20%.

(iv) Break-even sales required to maintain the profit as at present, if the selling price has to be reduced by 10%. 20

7. (b) (i) एक निवेशक; (ii) एक लेनदार; (iii) प्रतिष्ठान का एक कर्मचारी; एवं (iv) प्रतिष्ठान का एक पूर्तिकार के दृष्टिकोण से आप कम्पनी की वित्तीय स्थिति का विश्लेषण कैसे करेंगे ?

How would you analyse the financial position of a company from the point of view of (i) An Investor; (ii) A Creditor; (iii) An Employee of the firm; and (iv) A Supplier of the firm ? 20

7. (c) पारंपरिक विपणन सरणी (चैनल) पर ऑनलाइन विपणन के प्रभाव का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए । वैश्विक महामारी के बाद उभरती परिस्थिति में ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं द्वारा दी जा रही प्रखर प्रतिस्पर्धा के नजरिये से पारंपरिक खुदरा विक्रेताओं के अस्तित्व और विकास के लिये रणनीति विकसित कीजिए ।

Critically evaluate the impact of online marketing on traditional marketing channel. In view of the fierce competition by online retailers in emerging post-pandemic situation, evolve a strategy for traditional retailers for survival and growth. 10



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**8.** (a) पिछले लेखांकन अवधि का आय सारांश, भविष्य की लेखांकन अवधियों के तुलन पत्र से किस प्रकार संबंधित है ? अधिमानतः तुलन पत्र एवं आय सारांश के समीकरणों का उपयोग करते हुए समझाइये ।

How is the income summary of the last accounting period connected with the balance sheet of the future accounting periods? Explain, preferably using the balance sheet and income summary equations. 15

**8.** (b) उन प्रमुख घटकों पर विशेष बल दीजिए जिन्हें एक प्रतिष्ठान द्वारा आवश्यक कामशील पूँजी राशि के उचित मूल्यांकन हेतु विचार करने की आवश्यकता है ।

Highlight the major factors that need to be considered for a proper assessment of the quantum of working capital required by a firm. 15

**8.** (c) बाजार में अपना प्रभुत्व स्थापित करने हेतु विपणक उचित एवं अनुचित दोनों तौर-तरीके अकसर अपनाते हैं । विपणकों द्वारा अपनायी गयी मुख्य अनैतिक व्यवहारों को पहचानिये तथा इसकी प्रभावोत्पादकता के लिए विद्यमान नीतिगत ढांचे का मूल्यांकन कीजिए । साथ ही, इस प्रकार के व्यवहारों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने हेतु उपयुक्त नीतिगत उपायों का सुझाव दीजिए ।

Marketers often adopt means and ways, both fair and unfair, to establish their supremacy in the marketplace. Identify key unethical practices adopted by the marketers and evaluate the existing policy frameworks for its efficacy. Also suggest suitable policy measures to curb such practices effectively. 20

---



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/